न्यायालय भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, खूँटी

अनुमति वाद संख्या :– 206/2017–18

(छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा – 46)

अचुआ संगा वो बोलाई मुण्डा – विक्रेता

एडलिन हिरामनी मिंज – क्रेता

आदेश की क्रम संख्या और तारीख	आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर	आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी, तारीख सहित
18.08.18	**आदेश**	

आवेदक 1. अचुआ संगा पिता स्व0 जोहन संगा वो 2. बोलाई मुण्डा पिता स्व0 भथु मुण्डा ग्राम जियारप्पा, थाना खूँटी, जिला खूँटी ने एडलिन हिरामनी मिंज पति सुजित पौल मिंज ग्राम अमृतपुर, थाना खूँटी, जिला खूँटी के साथ निम्नलिखित भूमि के विक्रय हेतु छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46 के अन्तर्गत अनुमति हेतू आवेदन पत्र दिया है।

ग्राम	थाना नं0	खाता नं0	खेसरा सं0	रकबा (एकड़ में)
जियारप्पा	227	76	2196	0.19

उभय पक्ष अपने विद्वान अधिवक्ता के साथ उपस्थित हुए आवासीय/जाति प्रमाणपत्र/खतियान एवं लगान की रसीद सं0 025366 की छायाप्रति प्रस्तुत की गई। नोटिस का तामिला प्रतिवेदन प्राप्त है। अंचल अधिकारी, खूँटी के पत्रांक 283 दिनांक 28.03.2018 से जाँच प्रतिवेदन प्राप्त हुआ है। जाँच प्रतिवेदन के अनुसार प्रश्नगत भूमि खतियानी है। खतियानी रैयत का नाम मुडलु मुण्डा वगैरह हैं। पंजी II के अनुसार भथु मुण्डा वगैरह है। आवेदक के पास रकवा 5. 20 एकड़ भूमि है। मालगुजारी का भुगतान वित्तीय वर्ष 2014–15 तक किया गया है। भूमि का न्युनतम प्रस्तावित दर 9214.00(नौ हजार दो सौ चौदह)रू0 प्रति डीसमिल है। इस भूमि के विक्रय में आवेदक के हिस्सेदारों की कोई आपत्ति नहीं है। भूमि विक्रय के बाद आवेदक के पास कुल भूमि अवशेष 5.01 एकड़ रह जाती है। इस प्रकार आवेदक भूमिहीन नहीं होते हैं।

आवेदक के विद्वान अधिवक्ता का कथन है कि क्रेता एवं विक्रेता एक ही थाना खूँटी के निवासी हैं एंव एक ही जाति (अनुसूचित जनजाति समुदाय) के सदस्य हैं। आवेदक अपने हिस्से की भूमि जो इनके दखल कब्जे की है। जिसे मकान बनाने हेतु विक्री करना चाहते हैं। प्रश्नगत भूमि गैर मजरूआ आम, खास, मन्दिर, मस्जिद, भूईहरी, पहनाई, कैसरेहिन्द, भूहदबन्दी एवं खुटकटी के दायरे में नहीं है। अंचल अधिकारी, खूँटी ने आवेदक क्रेता–विक्रेता को भूमि क्रय–विक्रय करने हेतु अनुशंसा किये हैं।

आवेदक के विद्वान अधिवक्ता के बहस को सुनने प्रस्तुत कागजात एवं अंचल अधिकारी, खूँटी से प्राप्त प्रतिवेदन के अवलोकन एवं किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नहीं होने के कारण 1. अचुआ संगा पिता स्व0 जोहन संगा वो 2. बोलाई मुण्डा पिता स्व0 भथु मुण्डा को एडलिन हिरामनी मिंज पति सुजित पौल मिंज के साथ ग्राम जियारप्पा के खाता सं0 76 खेसरा संख्या 2196 का रकबा 0.19 एकड़ भूमि न्यूनतम प्रस्तावित दर 9214.00(नौ हजार दो सौ चौदह)रूपये प्रति डिसमिल या जिला अवर निबंधक, खूँटी के द्वारा निर्धारित दर पर अंचल अधिकारी, खूँटी के अनुशंसा के आधार पर भूमि वि क्रय की अनुमति दी जाती है।

18/08/18

भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता,
खूँटी।

अभिलेख अभिलेखागार, खूँटी में जमा करें।

18/08/18

भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता,
खूँटी।